कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक: 389 / 64 / आउशि / शा–5'अ' / 2021 भोपाल, दिनांक 20 / 04 / 2022

प्रति,

1. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश ।

2. प्राचार्य,
समस्त शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / निजी अशासकीय महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय– सत्र् 2022–23 की ई–प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व "कॉलेज चलो अभियान" का प्रारंभ किये जाने बाबत्।

–––0–––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र् 2022–23 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व 01 मई 2022 से 15 मई 2022 तक **"कॉलेज चलो अभियान"** के अंतर्गत निम्नानुसार परिणाम मूलक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

1. महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले नजदीकी स्कूलों में "कॉलेज चलो अभियान" के अन्तर्गत विद्यार्थियों / शिक्षकों अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित कर महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रवेश हेतु प्रेरित किया जाए। महाविद्यालय विशेष में उपलब्ध सुविधाओं तथा कॅरियर के अवसरों की जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित "नई शिक्षा नई उड़ान" के माध्यम से नवीन प्रावधानों से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए। यह पुस्तिका विभागीय पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

2. उच्च शिक्षा विभाग / केन्द्रीय योजनाएं / अनुसूचित जाति, जनजाति / पिछड़ा वर्ग विभाग / तकनीकी शिक्षा विभाग आदि द्वारा संचालित प्रोत्साहन / छात्रवृत्ति आदि प्रचलित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जाए।

3. महाविद्यालय में **"कॉलेज चलो अभियान"** कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। **"कॉलेज चलो अभियान"** की समीक्षा संबंधित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा अपने स्तर पर सुनिश्चित करते हुये प्रतिवेदन समस्त दस्तावेंजो, छायाचित्रों सहित अकादमिक शाखा के ई–मेल academy-he@.mp.gov.in पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

अध्ययनशालाओं तथा महाविद्यालयों में प्रसारित करें। 27-4

(दीपक सिंह)
आयुक्त
उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक 390 / 64 / आउशि / शा.–5'अ' / 2021 भोपाल, दिनांक 20 / 04 / 2022

प्रतिलिपि–

1. निज सहायक माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय,मध्यप्रदेश।
2. स्टॉफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय,मध्यप्रदेश।
3. निज सहायक, आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
4. कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
5. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,आई.टी. शाखा,उच्च शिखा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल विभागीय वेबसाइट पर अपलोड़ करने हेतु।

.............की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

DSW / DR(Acd) / DR(Adm) 20/4/22

आयुक्त
उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश

2951 20/4/22